कोटद्वार, शनिवार
11 जनवरी 2025
वर्ष: 46
अंक: 243 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### प्रयागराज के लिए रेडवेज की दो बस सेवाएं शुरू


देहरादून। रोडवेज ने महाकुंभ में यात्रियों की सुविधा के लिए देहरादून आईएसबीटी से प्रयागराज के लिए दो बस सेवाएं शुरू कर दी हैं। बस सेवाओं का शुभारंभ रोडवेज की प्रबंध निदेशक रीना जोशी ने किया। इसमें एक साधारण और एक वॉल्वो बस सेवा है। साधारण बस सेवा सुबह दस बजे देहरादून से रवाना हुई। पहले दिन करीब दस यात्री इस बस में सवार हुए। बस का किराया देहरादून से प्रयागराज का 1160 रुपये प्रति यात्री है। जबकि वॉल्वो सेवा शाम पांच बजे रवाना हुई। इसका किराया 2279 रुपये प्रति यात्री है। महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा ने बताया कि बस सेवाएं रोजाना चलेंगी। इससे प्रयागराज आवाजाही करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। डीएजीएम संचालक पूजा केहरा, डीजीएम विधि प्रदीप सती, मंडलीय प्रबंधक संचालन सुरेश चौहान, मंडलीय प्रबंधक तकनीकी जेके शर्मा, ग्रामीण डिपो के आरएम राजीव गुप्ता, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी आदि मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव के लिए 4704 कर्मचारियों की ड्यूटी तय

देहरादून। निकाय चुनाव में देहरादून, ऋषिकेश नगर निगम के साथ ही नगर पालिकाओं और नगर पंचायत के लिए 4704 कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर ली गई है। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाम की मौजूदगी में ऋषिपर्णा सभागार में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का रेंडेमाइजेशन किया गया। इनमें कुल 1071 बूथ पर ड्यूटी के लिए 1176 रिजर्व कर्मचारियों सहित कुल 4704 कर्मचारियों की ड्यूटी तय की गई। यह दूसरे चरण का रेंडेमाइजेशन था। इसमें नगर निगम देहरादून के 20 और ऋषिकेश के 5 पिंक बूथ भी शामिल हैं, जहां मतदान करवाने की जिम्मेदारी महिला कर्मचारियों पर रहेगी।

# उत्तराखंड में 2 दिन बारिश का यलो अलर्ट

**• ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना**



देहरादून। उत्तराखंड में मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसके साथ पश्चिमी और पूर्वी हवाएं चलने की संभावना है। इन वेदर सिस्टम के प्रभाव के चलते 11 और 12 जनवरी के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में छिटपुट रूप से हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। उत्तराखंड में भी बारिश या बर्फबारी देखी जा सकती है।मौसम विभाग ने उत्तराखंड के अलग–अलग हिस्सों में 11 और 12 दिसंबर को गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। खासतौर पर 11 जनवरी को उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर ओले गिरने की संभावना है। ऊंची चोटियों पर हिमपात की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से दोनों ही दिन यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने 11 और 12 दिसंबर को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों के अलग–अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचने की भी आशंका है।

मौसम विभाग ने सूबे के अलग–अलग हिस्सों में वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है। सूबे के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा जिलों के विभिन्न हिस्सों में भी हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना है। जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी मौसम खराब रहने का अनुमान है।

## सीएम आज करेंगे जनसभा


चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को कर्णप्रयाग में नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के पक्ष में बाइक रैली में प्रतिभाग कर जनसभा को संबोधित करेंगे।

सीएम के वरिष्ठ निजी सचिव भूपेंद्र बसेड़ा ने बताया कि सीएम सिवाई में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। वहीं भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गणेश शाह ने बताया कि कर्णप्रयाग में जनसभा की तैयारियां पूरी हो गई है। जनसभा में भारी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। कहा कि सीएम सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराएंगे। साथ ही कर्णप्रयाग व गौचर के भाजपा के अध्यक्ष और सभाषद के प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से वोट देने की अपील करेंगे। (एजेंसी)

# पेट्रोल की बोतल लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ा दुकानदार, मचा हड़कंप

ऋषिकेश, हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे के श्यामपुर में आज सुबह पंचर की दुकान चलाने वाला एक व्यक्ति पेट्रोल की बोतल लेकर मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। दुकानदार को टावर पर चढ़ा देख वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस फोर्स भी पहुंच गई। पुलिस के लाख समझाने के बावजूद युवक टावर से नीचे नहीं उतर रहा।

दरअसल, पेट्रोल पंप के बाहर व्यक्ति की दुकान थी। वह पेट्रोल पंप बिका चुका है। पंप खरीदने वाले व्यक्ति ने पंप के सामने दीवार खड़ी कर अपनी भूमि को कब्जे में ले लिया। जिसके चलते पंचर की दुकान भी बंद हो गई है। अब दुकान की मांग को लेकर पंचर लगाने वाला व्यक्ति मोबाइल टावर पर चढ़ गया है। उसका कहना है कि जब तक भूमि खरीदने वाला व्यक्ति उसे दुकान देने का आश्वासन नहीं देता तब तक वह टावर से नीचे नहीं उतरेगा।



वहीं, मौके पर पुलिस बल के साथ ही फायर की टीम भी पहुंच चुकी है। ऋषिकेश के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि एक व्यक्ति जिसका नाम अनूप थपलियाल है, जिसकी पंचर की दुकान थ। दुकान बंद होने के कारण वह मोबाइल टावर पर पेट्रोल की बोतल लेकर चढ़ा हुआ है, उनको नीचे उतारने के लिए समझाया जा रहा है।

फिलहाल वह तकरीबन ढाई घंटे से टावर पर ही चढ़कर बैठा है। जल्द ही उसको सही सलामत उतार लिया जाएगा।

# गलती मुझसे भी होगी, मैं एक इंसान हूं—भगवान नहीं : मोदी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के सह–संस्थापक निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो में कई मुद्दों पर खुलकर बात की। पॉडकास्ट की शुरुआत में निखिल कामथ ने पीएम मोदी से कहा कि "मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है।" इस पर पीएम मोदी मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि "यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा।" पीएम ने कहा कि उनके जीवन का मंत्र यह है कि कभी भी बुरी नीयत से कोई गलत काम न करें।

पीएम ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मैंने एक भाषण दिया, जिसमें मैंने कहा, मैं कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटूंगा और मैं अपने लिए कुछ नहीं करूंगा। मैं इंसान हूं जो गलतियां कर सकता हूं, लेकिन मैं कभी भी बुरे इरादे से कुछ गलत नहीं करूंगा। यह मेरे जीवन का मंत्र है। आखिरकार, मैं एक इंसान हूं, कोई भगवान नहीं। पीएम मोदी ने निखिल कामथ द्वारा होस्ट किए गए पॉडकास्ट में कहा गांधी और सावरकर के रास्ते अलग–अलग थे, लेकिन उनकी विचारधारा "स्वतंत्रता" थी। आदर्शवाद विचारधारा से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है। विचारधारा के बिना राजनीति नहीं हो सकती। हालांकि, आदर्शवाद बहुत ज़रूरी है। आज़ादी से पहले, (स्वतंत्रता सेनानियों की) विचारधारा आज़ादी थी। गांधी का रास्ता अलग था, लेकिन विचारधारा आज़ादी थी। सावरकर ने अपना रास्ता चुना, लेकिन उनकी विचारधारा आज़ादी थी।" अपनी विचारधारा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमेशा राष्ट्र को सबसे पहले रखना चाहिए।

मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी सुविधानुसार अपना रुख बदल ले। मैं सिर्फ़ एक ही विचारधारा में विश्वास करते हुए बड़ा हुआ हूं। अगर मुझे अपनी विचारधारा को कुछ शब्दों में बताना हो तो मैं कहूंगा, 'नेशन फर्स्ट। 'नेशन फर्स्ट' टैगलाइन में जो भी चीज फिट बैठती है, वह मुझे विचारधारा और परंपरा की बेड़ियों में नहीं बांधती।

## निकाय चुनाव में कांग्रेस की होगी जीत: हरीश रावत

ऋषिकेश। निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार में कांग्रेस के बड़े नेता भी मैदान में उतर गये हैं। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार के लिए जनता के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को कई मुद्दों पर घेरा। आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राज में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते जनता परेशान है। ऐसे में जनता भाजपा को जवाब देने के लिए तैयार है। निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी और भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। नगर पालिका मुनिकीरेती–ढालवाला में कांग्रेस से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी उर्मिला राणा के चुनावी कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि बीजेपी सरकार में आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं और सत्ता में बैठे नेता दोषियों को बचाने में लगे हैं। आटा, चावल, दाल, सब्जी और तेल के भाव आसमान छू रहे हैं।

## बीपीएससी री एग्जाम को लेकर जनसुराज की याचिका हाईकोर्ट में स्वीकार



पटना । बीपीएससी परीक्षा विवाद में नया मोड़ आया है। पटना उच्च न्यायालय ने प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के द्वारा दायर की गयी याचिका को मंजूर कर लिया है। 70वीं बीपीएससी पीटी फिर से कराने की मांग को लेकर जनसुराज ने पटना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 9 जनवरी को जन सुराज पार्टी ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट खुलने के बाद 15 जनवरी को अब इस मामले में सुनवाई होगी। बता दें कि हाल में हुए 70वीं बीपीएससी पीटी को रद्द करने की मांग लेकर पटना में धरना पर बैठे अभ्यर्थियों के समर्थन में जनसुराज के नेता प्रशांत किशोर भी आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने पटना के गांधी मैदान में अनशन किया। प्रशांत किशोर को पुलिस उठाकर ले गयी लेकिन उन्होंने अनशन खत्म नहीं किया है। प्रशांत किशोर अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। इस बीच जनसुराज पार्टी पटना हाईकोर्ट पहुंची है और पार्टी के द्वारा बीपीएससी पीटी की विवादित परीक्षा रद्द कराकर रीएग्जाम कराने की मांग से जुड़ी याचिका दायर किया है।



## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी गणेश शाह ने मांगे वोट

चमोली : नगर निकाय चुनाव में कर्णप्रयाग से भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी गणेश शाह ने शुक्रवार को शक्तिनगर और पुजारीगांव का भ्रमण कर जनता से वोट देने की अपील की। इस मौके पर गांधीनगर वार्ड की सभासद प्रत्याशी सीमा देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र डिमरी, अनिल कंडवाल, नवीन नवानी, विनय, सरोज हटवाल, आशा डिमरी, ओमप्रकाश जोशी, ममता राणा, शशी खंडूड़ी, चंद्रा राणा, मधु रावत, कांता रावत, दिनेश निराला आदि थे। (एजेंसी)

### प्रचार वाहन लोगों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा

नई टिहरी : 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार को लेकर जनपद टिहरी में आगामी 12 से 14 जनवरी तक प्रचार वैन तथा 15 से 17 जनवरी 2025 तक मशाल रैली के कार्यक्रम प्रस्तावित किये गये हैं। यह जानकारी जिला क्रीड़ाधिकारी दीपक रावत ने दी। बताया कि आगामी 12, 13 एवं 14 जनवरी को 38वें राष्ट्रीय खेलों से सम्बंधित 3 प्रचार वैन जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में प्रचार-प्रसार करेंगी। इनमें एक प्रचार वैन कीर्तिनगर-देवप्रयाग-नरेंद्रनगर-उत्तरकाशी, दूसरी जाखणीधार-प्रतापनगर-थौलधार-उत्तरकाशी तथा तीसरी घनसाली-नई टिहरी-चंबा-जौनपुर-उत्तरकाशी में प्रचार प्रसार करेगी। प्रचार वाहन क्षेत्रों में जाकर खेलों की जानकारी देगा और खेलों से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। इन वाहनों में राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मस्कट मौली भी शामिल है। इसके साथ ही आगामी 15, 16 एवं 17 जनवरी को मशाल रैली का कार्यक्रम होगा। जिसका रूट चार्ट घनसाली-टिहरी-चम्बा-नरेन्द्रनगर-थौलधार से होते हुए उत्तरकाशी रहेगा। (एजेंसी)

### चक्रव्यूह मंचन में अभिमन्यु वध के दृश्य से भावुक हुए दर्शक

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के ग्यारह गांव के सरुणा गांव में आयोजित पांडव नृत्य में भव्य चक्रव्यूह मंचन का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे सैकड़ों दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय को सराहा। शुक्रवार को बाला सुंदरी मंदिर में आयोजित 18 दिवसीय पांडव नृत्य के दसवें दिन उत्सव ग्रुप की ओर से चक्रव्यूह का मंचन किया गया। जिसमे वस्त्रों के साथ सात द्वार सजाए गए। तथा हर द्वार पर कौरव सेना के महारथी खड़े किए गए। उत्सव ग्रुप के राकेश भट्ट के निर्देशन में नाटक का मंचन किया गया। चक्रव्यूह मंचन के अंत में अभिमन्यु वध के दृश्य का मंचन के दौरान दर्शक भावुक हो उठे। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के घनसाली नगर पंचायत अध्यक्ष के उम्मीदवार आनंद बिष्ट ने बाला त्रिपुरी मंदिर एवं पांडवों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि, पौराणिक पांडव नृत्य की प्रथा को जीवित रखने की आवश्यकता है। ताकि आने वाली पीढ़ी हमारे पूर्वजों के बारे में जानकारी रख सके। उन्होंने उत्सव ग्रुप द्वारा भव्य चक्रव्यूह मंचन की सराहना की। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र डंगवाल, धनी लाल शाह, राजेंद्र परमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### दिव्यांग गुड्डी को दी व्हील चेयर

नई टिहरी : चंबा के ग्राम पंचायत दीवाड़ा के पाली गांव की गुड्डी देवी को शुक्रवार को राड्स संस्था के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता सुशली बहुगुणा ने व्हील चेयर प्रदान की। गुड्डी देवी बीते एक साल से चलने-फिरने में असमर्थ थी। व्हील चेयर मिलने से गुड्डी देवी ने सुशील बहुगुणा का आभार जताया। गांव की प्रधान ममता देवी और गुड्डी देवी के पुत्र जीतन ने भी उनकी सराहना की है। राड्स संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने कहा कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के माध्यम से व्हील चेयर प्रदान की है। इस मौके पर मकान सिंह, कुंभी बाला भट्ट, लक्ष्मी बहुगुणा, जगदीश बडोनी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### अग्नि सुरक्षा के लिए हमेशा पर्याप्त तैयारियां रखें : जोशी

नई टिहरी : एएसपी जेआर जोशी ने शुक्रवार को नई टिहरी अग्निशमन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निशमन अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के लिए पर्याप्त तैयारियों को हमेशा रखने के निर्देश दिये। एएसपी जोशी ने बताया कि एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में थानों सहित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है। जिसके तहत फायर स्टेशन का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान फायर स्टेशन की साफ सफाई व्यवस्था, फायर स्टेशन स्टोर, एफएसओ कार्यालय, एमटी, आपदा उपकरणों, समस्त अभिलेख, बैरकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त अभिलेख सही पाए गए।

# प्रत्याशियों की जीत के लिए एकजुट हों कार्यकर्ता व पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : निकाय चुनाव धीरे-धीरे तेजी पकड़ने लगा है। ऐसे में शुक्रवार को कोटद्वार पहुंचे वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल ने भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को प्रत्याशियों की जीत के लिए एकजुट होने को कहा।

कोटद्वार पहुंचे काबीना मंत्री सुबोध उनियाल ने विभिन्न वार्डों में पार्षदों के कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को भी संबोधित किया। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ ही शहर में भी हमें भाजपा को जितवाना होगा। भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ निकाय चुनाव के मैदान में उतरी है। भाजपा का पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता धरातल पर उतरकर जनता की सेवा करता है और इसी सेवा का फल निकाय चुनाव में मिलेगा। कहा कि कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों को पूरी मेहनत से प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार में जुट जाना है। जनता तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचानें का कार्य करें। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, ऋषि कंडवाल, विपिन कैंथोला, सुमन कोटनाला, हरि सिंह पुंडीर, मोहन सिंह नेगी, जंग बहादुर रावत, प्रेमा खंतवाल, विजय लखेड़ा, शांतनु रावत, शुभम रावत, विजय रावत, विनोद रावत, बबीता सिंह, मीनू डोबरियाल, पूनम तिवाड़ी, संगीता देवी, सुनील सिंह नेगी, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पार्षद के कार्यालय उद्घाटन के दौरान जनसभा को संबोधित करते काबीना मंत्री सुबोध उनियाल

### कोटद्वार के खिलाड़ियों ने जीते कांस्य व रजत पदक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नैनीताल में आयोजित राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार के खिलाड़ियों ने कांस्य व रजत पदक जीते हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर स्टेडियम के कोच व खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है। आठ से दस जनवरी तक नैनीताल में बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्टेडियम के इंचार्ज व बाक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के कई खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में स्टेडियम के खिलाड़ी धीरज कोरंगा ने 51-54 किग्रा भार वर्ग, सलमान ने 60-63.5 किग्रा भार, अभिषेक बिष्ट ने 63.5-67 किलोग्राम भार और हिमांशु बिष्ट ने 67-71 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है। बालिका वर्ग में मानसी नेगी ने 63-66 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, शालनी भंडारी ने 60-63 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में आयन खान व दीपिका ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बाक्सरों को जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप कुमार ने भी सम्मानित किया।

# दो पूर्व सैनिक प्रत्याशी बढ़ा रहे पार्टियों की टेंशन

**निगम क्षेत्र में हैं करीब 30 हजार सैनिक व पूर्व सैनिक परिवारों के वोट निर्दलीय प्रत्याशी महेंद्र पाल सिंह व गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल है पूर्व सैनिक**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** निकाय चुनाव में महापौर पद पर किस्मत आजमाने उतरे दो पूर्व सैनिक प्रत्याशी भाजपा व कांग्रेस की टेंशन बढ़ा रहे हैं। भाजपा व कांग्रेस को अपने-अपने वोटरों के खिसकने का डर बना हुआ है। अब तक इन दोनों प्रत्याशियों की भी मजबूत स्थिति देखी जा रही है। वर्तमान में कोटद्वार के चालीस वार्डों में करीब तीस हजार सैनिक व पूर्व सैनिक परिवार के मतदाता हैं। ऐसे में यह मतदाता किस पर अधिक भरोसा जताते हैं। यह 25 जनवरी की तिथि ही निर्धारित करेगी। फिलहाल, चुनावी संग्राम रोमांचक होता जा रहा है। निकाय चुनाव में मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चुनावी मैदान में महापौर पद पर भाजपा, कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, बसपा सहित निर्दलीय छह प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। यह चुनाव इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें इस बार दो पूर्व सैनिक भी अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। जबकि, एक पूर्व सैनिक गजेंद्र मोहन धस्माना ने अपना नामांकन वापस ले लिया था और उन्होंने भाजपा को अपना समर्थन दिया। ऐसे में दो पूर्व सैनिक महेंद्र पाल रावत और गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल मैदान में डटे हुए हैं। करीब 30 हजार आबादी वाले सैनिक व पूर्व सैनिक परिवारों के मतदाता किसी न किसी पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। लेकिन, इस बार पूर्व सैनिक महेंद्र पाल रावत व गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल पार्टियों की टेंशन बढ़ा रहे हैं। इन पूर्व सैनिकों के समर्थक भी लगातार धरातल पर डटे हुए हैं। अपने-अपने प्रत्याशी की जीत के लिए पूर्व सैनिक व सैनिक परिवारों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राजस्व वसूली करने के लिए अभियान तेज करें



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने शुक्रवार को एनआईसी सभागार में वसूली प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान तहसीलवार व्यापार कर, परिवहन देय, आबकारी देय, विद्युत देय, खनन व अन्य देयों को लेकर समीक्षा की गयी।अपर जिलाधिकारी ने खनन और आबकारी में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करने के लिए अभियान को तेज करने के निर्देश दिए। तहसील थराली अमीन को धीमी गति से वसूली करने पर स्पष्टीकरण जारी करने और प्रभारी अधिकारी को सभी एसडीएम को वसूली में तेजी लाने संबंधी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही अगर आरसी में कोई कमी है तो आरसी विभाग को वापस करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी अधिकारी ने बताया कि दिसम्बर में राजकीय एवं विविध देयों में जनपद में 249.24 लाख की वसूली की गयी। तहसील ज्योतिर्मठ में 49.37 लाख, तहसील चमोली में 63.46 लाख, तहसील गैरसेंण मं 23.86 लाख, तहसील घाट में 16.10, तहसील थराली में 11.94 लाख, तहसील देवाल में 8.38 लाख, तहसील नारायणबगड़ में 24.80 लाख, पोखरी में 6.88 लाख की वसूली की गयी।

### 12 को एक मंच पर आएंगे महापौर के प्रत्याशी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नागरिक मंच की ओर से 12 जनवरी को महापौर के सभी प्रत्याशियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समस्या के निराकरण को लेकर महापौर प्रत्याशियों की योजनाओं को जानना है। मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व कार्यक्रम संयोजक गोविंद डंडरियाल ने बताया कि निकाय चुनाव में महापौर के प्रत्याशी जनता के बीच पहुंचकर बड़े-बड़े वायदे कर रहे हैं। लेकिन, इन वादों को पूरा करने के लिए उन्होंने क्या तैयारी है। यह कोई भी बेहतर तरीके से नहीं बता पा रहा हैं। कहा कि जनता शहर के बेहतर विकास के लिए बेहतर प्रत्याशी को चुन सकें इसके लिए 12 जनवरी को मालवीय उद्यान में एक सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में प्रत्याशियों से उनकी प्राथमिकताएं, कार्य योजनाएं व इन योजनाओं को पूरा करने का विजन जाना जाएगा।

# गढ़वाल राइफल्स ने बनाई फाइनल में जगह

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में गढ़वाल राइफल्स ने पेनाल्टी शूट के जरिए फाइनल में अपनी जगह बना ली है। टूर्नामेंट देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में स्व. शशिधर भट्ट स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने युवाओं को सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर खेल के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला गढ़वाल राइफल्स व अरेवा नोएडा के बीच खेला गया। शुरूआती दौर से ही दोनों ने एक-दूसरे पर हमले शुरू कर दिए। लेकिन, कोई भी आक्रमण गोल में तब्दील नहीं हो पाया। मैच के 40वें मिनट में गढ़वाल राइफल्स की टीम के एंजेल रावत ने अपनी टीम के लिए पहला गोल दाग मुकाबले में 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन, यह बढ़त लंबे समय नहीं रह पाई और मध्याह्न के बाद 54वें मिनट में अरेवा नोएडा के वारी ने गोल दाग मुकाबले को 1-1 पर ला दिया। मैच का टर्निंग प्वाइंट 80वें मिनट में आया, जब नोएडा के नाजिम ने एक और गोल दोग टीम को 2-1 की बढ़त दिली दी। गढ़वाल राइफल्स की टीम ने मैच में वापसी के प्रयास करते हुए हमले तेज कर दिए और अंतिम 89वें मिनट में अनुज नेगी के गोल की बदौलत मैच को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मुकाबले का फैसला पैनाल्टी शूट आउट के जरिए किया गया, जिसमें गढ़वाल राइफल्स की टीम ने 5-4 से जीत दर्ज की।


पैनाल्टी के दौरान गोल रोकने का प्रयास करते खिलाड़ी

# लैंसडौन जूनियर के नाम रहा फुटबॉल का फाइनल मुकाबला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शुक्रवार को डाडामंडी में फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें लैंसडौन जूनियर की टीम विजेता रही। इस दौरान विजेता टीम को सम्मानित किया गया। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

डाडामंडी में गेंद मेले से पूर्व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को फुटबाल का फाइनल मुकाबला लैंसडौन जूनियर व भेल्डा व्याइज के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक-एक गोल से बराबरी पर रही। मैच के तीस वें मिनट में आयुष ने गोल दागकर लैंसडौन को बढ़त दिलवाई। 48वें मिनट में भेल्डा व्याइज के खिलाड़ी ने गोल दागकर मुकाबला बराबर कर दिया। अतिरिक्त समय में कोई भी टीम गोल न दाग सकी। पैनल्टी शूट आउट में लैंसडौन जूनियर ने 05-04 से प्रतियोगिता अपने नाम की। वहीं, डाडामंडी में विद्यार्थियों के लिए दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्राथमिक बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के दीपांशु ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजवाट के अक्षत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में अनुज, तन्मय सीनियर वर्ग में संतोष, अक्षय ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में रोहिणी धूलिया, सोनाक्षी प्रथम, द्वितीय रही। इस मौके पर गेंद मेला समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवाड़ी, सचिव किशन लाल चौधरी, सतीश काला, हरेंद्र सिंह रावत, सुजाता रावत, वल्लभ सिंह, अर्जुन सिंह नेगी, रघुवीर रावत आदि मौजूद रहे।


डाडामंडी में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता टीम

### राकेश भट्ट बने समिति के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** संयुक्त यातायात रोटेशन समिति की ओर से राकेश भट्ट को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

समिति के उपाध्यक्ष धीरज सिंह रावत ने बताया कि अध्यक्ष पद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शुक्रवार को चुनावी प्रक्रिया पूर्ण की गई। एक जनवरी से पांच जनवरी तक नामांकन व सात जनवरी को नामांकन वापसी की तिथि तय की गई थी। लेकिन, राकेश भट्ट के अतिरिक्त किसी भी अन्य सदस्य ने नामांकन दर्ज नहीं किया। ऐसे में सर्वसम्मति से राकेश भट्ट को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह रावत, संदीप अग्रवाल, वचन सिंह पुंडीर, सुरेंद्र सिंह रावत, सुमित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### नशा युवा पीढ़ी को कर रही खोखला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में नशा मुक्त उत्तराखंड एवं देवभूमि नशा मुक्ति अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में किरन ने पहला, हिमानी ने दूसरा और किरन पटवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र किरन ने कविता के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। छात्रा हिमानी, प्रियांशी, किरन, सीमा आदि ने नशा मुक्ति पर अपने विचार प्रकट किए। प्रतियोगिता में नोडल अधिकारी डा. निशा चौहान ने कहा कि नशे से होने वाली हानियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। हम सबको यह प्रयास करना चाहिए कि स्वयं भी नशे से दूर है और दूसरों को भी नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं। डा. राजीव कनौजिया ने बताया कि नशा देश की युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है, जिससे अनेक प्रकार की समस्याएं समाज और परिवारों के सामने उपस्थित हो रही है। डा. शोभा रावत ने कहा कि नशे के कारण घर टूट रहे हैं। इस मौके पर डा. सुमित बिजल्वाण, नीलम, नीति शर्मा आदि शामिल रहे।

### निबंध में रिंकी ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एंटी ड्रग सेल के सयुंक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रिंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को ह्लनशा मुक्त भारत युवाओं की भूमिकाह्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा रिंकी, बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा शिवानी एवं पूजा रानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. अजय कुमार ने निभाई। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक रावत मौजूद रहे।

### आग को बुझाने के गुर सिखाएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : फायर सर्विस टीम पौड़ी द्वारा नर्सिंग कॉलेज डोभ श्रीकोट में फायर सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। टीम द्वारा कृत्रिम आग लगाकर आग को बुझाने के गुर सिखाए गए। मॉक ड्रिल के दौरान अग्नि सुरक्षा से बचाव के उपायों के बारे में व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, संचालन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर टीम ने शहर के कई होटलों, शाह फिलिंग स्टेशन, कंडोलिया थीम पार्क रेस्टोरेंट व पेट्रोल पंपों में जाकर अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित अग्निशमन यंत्रों का फायर सेफ्टी निरीक्षण करने के साथ सभी होटल, रेस्टोरेंट स्वामियों को अग्निशमन यंत्रों को क्रियाशील दशा में रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुनील दत्त तिवारी आदि मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव में भाजपा को मिल रहा समर्थन

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा के रीति नीति एवं कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा श्रीनगर विधानसभा में किए गये विकास कार्यों से प्रभावित होकर बद्री विशाल मालगाड़ी कल्याण एसोसीएशन एवं गौरव सेनानी संगठन श्रीनगर ने निकाय चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का दावा किया है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य एवं श्रीनगर विधानसभा के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस मौके पर उन्होंने कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की मौजूदगी में संगठनों ने समर्थन दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के साथ विकास के कार्य को करती आ रही है।

# टेबिल टेनिस में 130 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** मिरेकल टेबल टेनिसर स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। इस प्रतियोगिता में टिहरी, जोशीमठ, देहरादून सहित अन्य शहरों के 130 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।

एमकेवीएन स्कूल देवी रोड में प्रतियोगिता का आगाज हो गया। प्रतियोगिता में जोशीमठ, हल्द्वानी, ऋषिकेश, पौड़ी, गोपेश्वर, देहरादून जनपद के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार जोशी, चंद्रपाल सिंह पटवाल व निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज कई युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं के समक्ष कई खिलाड़ियों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। टूर्नामेंट में मुख्य रेफरी की भूमिका मनीष बड़थ्वाल व राकेश भंडारी निभा रहे हैं। प्रतियोगिता के फाइनल ग्रुप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर टूर्नामेंट संयोजक रूपवंत ठाकुर, अभिनव बिष्ट, कार्तिक कंडारी, रत्नव नेगी, अनीश आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

# जागरूकता शिविर में दी कानूनी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सिविल जज (सी. डि.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अकरम अली की अध्यक्षता में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर, में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साइबर अपराध, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, लैंगिक समानता और समाज में न्यायपूर्ण व्यवहार की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

शिविर का शुभारंभ नालसा की थीम एक मुट्ठी आसमान से किया गया। इस मौके पर महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दों, साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी से संबंधित सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2022 एवं मोटर वाहन संशोधन नियम, 2022 के तहत सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता के बारे में बताया। शिविर में नालसा योजना, 2015 के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग से पीड़ितों के लिए कानूनी सहायता और नशीली दवाओं के खतरे के उन्मूलन के उपाय बताने के साथ ही लैंगिक न्याय, ट्रांसजेंडर अधिकार, और महिलाओं एवं लड़कियों के सशक्तिकरण के मुद्दों पर चर्चा व वाणिज्यिक न्यायालयों की भूमिका और उनके लाभों की तथा निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी गढ़वाल द्वारा समाज के हर वर्ग को न्याय और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए ऐसे जागरूकता शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा।


जागरूकता शिविर में कानूनी जानकारी देते हुए वक्ता।

### आधार सेवा केंद्र नहीं होने से ग्रामीण परेशान

ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में एक भी आधार सेवा केंद्र नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आधार बनवाने और अपडेट करवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऋषिकेश विधानसभा के हरिपुरकला, रायवाला, छिद्दरवाला और श्यामपुर क्षेत्रों में एक भी आधार सेवा केंद्र नहीं है। जिससे ग्रामीणों को बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए और बायोमैट्रिक अपडेट करने के लिए 15 किलोमीटर दूर ऋषिकेश तहसील जाना पड़ रहा है। कई बार भीड़ और सर्वर खराब होने के चलते एक ही दिन में काम नहीं हो पाता है। जिससे ग्रामीणों के धन और समय की बर्बादी होती है। वर्तमान समय में आधार कार्ड की स्वीकार्यता बढ़ी है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

● मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस.एल.आर :
गाड़ी सं0 14816 (F-I, F-II, R-I), 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-1), 14318 (F-I), 22660 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I),14311 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 27.01.25 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है। 125/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या, दिनांक | 295-DRM-MB-24-25 10.01.2025 |
| कार्य का नाम | At welding of rail in situ with single shot crucible fitted as per RDSO specification in connection with track renewal works in the section of Sr. DEN/III/MB. |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक/समय | 03.02.2025, 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 1,49,65,063.50 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,24,800.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 20.01.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.01.2025 132/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

## कांग्रेस के कुलदीप ने मांगे वोट

नई टिहरी : नगर पालिका परिषद टिहरी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कुलदीप पंवार ने शुक्रवार को जीआईटीआई कालोनी, डिग्री कालेज, जीजीआईसी कालोनी, पीआईसी कालोनी, सेक्टर 7 सी, सेक्टर 9 डी, सेक्टर 9 ई व सेक्टर 9 एफ में जन संपर्क अभियान चलाकर वोट मांगे। शुक्रवार को विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष राकेश राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष शान्ति प्रसाद भट्ट, मुरारीलाल खंडवाल, पूर्व राज्य मंत्री पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, रानी देवी, जिला प्रवक्ता अध्यक्ष मुर्तजा बेग, नरेंद्र रावत, दिनेश पंवार, अजीत, राजीव आदि ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान टिहरी के बीपूरम, टीएचडीसी कार्यालय, राजमाता परिसर सहित टिहरी के विभिन्न हिस्सों में कांग्रेस प्रत्यासी कुलदीप के पक्ष में वोट मांगे। कहा कि कांग्रेस की जनहित के कामों को सर्वोपरि तरीके से कर सकती है। इस दौरान उन्होंने कुलदीप पंवार की 21 बिंदुओं वाली अपील जनता के बीच प्रचारित करते उन पर आम लोगों से चर्चा की। इस दौरान कुलदीप पंवार ने भरोसा दिलाया कि उनकी जीत जनता की जीत होगी और जनता के हितों के लिए तत्परता से काम करेंगे। (एजेंसी)

## मिट्टी में डामर बिछाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ हाइवे पर डोलिया देवी में एनएच लोनिवि की कार्यदायी संस्था द्वारा मिट्टी में डामरीकरण का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों द्वारा विरोध के बाद विभाग ने संबंधित कार्यदायी संस्था को डामर उखाड़ने के साथ ही नए तरीके से डामर बिछाने के निर्देश दिए हैं। बीते गुरुवार को रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग (केदारनाथ हाइवे) पर डोलिया देवी फाटा में राजमार्ग विभाग की कार्यदाई संस्था द्वारा डामरीकरण का कार्य किया जा रहा था। इसी बीच स्थानीय लोगों ने डामरीकरण का विरोध किया। (एजेंसी)

## प्रत्येक माह बिजली बिल दे विभाग

ऋषिकेश। मुनिकीरेती क्षेत्र में चार माह का बिजली बिल एक साथ दिए जाने पर सेवानिवृत्त राजकीय पेशनर्स संगठन ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चार महीने के बिल में विलंब शुल्क जोड़कर बिल भेजा जा रहा है, जो गलत है। शुक्रवार को ढालवाला में सेवानिवृत्त राजकीय पेशनर्स संगठन मुनिकीरेती की मासिक बैठक हुई। संगठन अध्यक्ष शूरवीर सिंह चौहान ने कहा कि बिजली विभाग प्रतिमाह विद्युत रीडिंग नहीं ले रहा है। जिससे चार माह का बिल आने पर उस पर विलंब शुल्क भी जोड़ा जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं का आर्थिक उत्पीड़न हो रहा है। प्रत्येक माह बिल दिया जाए। सचिव भगवती प्रसाद उनियाल ने 30 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को एक नोशनल(काल्पनिक) वेतन वृद्धि अनुमन्य किए जाने की तिथि उत्तर प्रदेश की भांति एक जनवरी 2006 करने की मांग की। संगठन के कोषाध्यक्ष जबर सिंह पंवार ने सरकार से मांग की कि गोल्डन कार्ड की ओपीडी व जांच निःशुल्क करने एवं लगभग 35000 पेशनरों के पुनः गोल्डन कार्ड बनाने का शासनादेश निर्गत करने की सरकार से गुहार लगाई। मौके पर शीला रतूडी, प्रेमवती पाण्डेय, उमा सेमवाल, विजेन्द्र सिंह रावत, राजेन्द्र सिंह भण्डारी, विशालमणि ममगाईं, मोहन सिंह रावत, भगवान सिंह राणा, अरविंद सिंह तोमर, लक्ष्मी प्रसाद रतूडी, अनुसूया प्रसाद पैन्यूली, अब्बल सिंह चौहान, रविन्द्र प्रसाद बिजल्वाण, विश्वनाथ भट्ट, जयपाल सिंह नेगी,बलवीर पंवार, मंत्री प्रसाद गैरोला, पदम सिंह बिष्ट, देवीदत्त उनियाल, पुरुषोतम थपलियाल, ओम प्रकाश थपलियाल, सोबन सिंह रावत, विन्दु आदि उपस्थित रहे।

## गंगाभोगपुर–बिन्ध्यवासिनी मोटर मार्ग के लिए वृक्षों की गणना शुरू

ऋषिकेश। गंगाभोगपुर–कौडिया–विंध्यवासिनी बारामासी मोटर मार्ग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को यहां मोटर मार्ग के लिए अवरोधक बन रहे पेड़ों की गणना का कार्य किया गया। शुक्रवार को विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने गौहरी रेंज में गंगाभोगपुर–कौडिया–विंध्यवासिनी–बारामासी मोटर मार्ग के प्रथम चरण के क्रम में पेड़ों की गणना का कार्य शुरू किया, जिसके तहत मार्ग बनाने में अवरोधक बन रहे पेड़ों की गणना की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि मोटर मार्ग को लेकर प्रथम चरण शुरू हुई है। यहां मोटर मार्ग की जरूरत है, क्योंकि बरसात के दिनों में यहां अस्थाई रास्ता बंद हो जाता है, जिससे यह सारा क्षेत्र मुख्य मार्गों से कट जाता है।

# 25 जनवरी 2025 को मनाया जाएगा 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

### ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' थीम पर होगा कार्यक्रम आयोजन



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 25 जनवरी, 2025 को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम हृवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम '' है, जिसके तहत व्यापक जागरूकता और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाना, मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नए मतदाताओं को प्रेरित करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों, प्रशिक्षण संस्थानों, पंचायत कार्यालयों और बूथ स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। शपथ की सामग्री पहले से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा की जाएगी। पहली बार मतदाता सूची में शामिल नए मतदाताओं को सम्मान पूर्वक मतदाता पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। बूथ लेवल ऑफिसर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर नए मतदाताओं का स्वागत करेंगे और उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में पंचायत राज संस्थाओं, सिविल सोसाइटी संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स और गाइड्स, युवा स्वयंसेवक संगठनों, और मीडिया का सहयोग लिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया, ईवीएम-वीवीपैट का प्रदर्शन, नैतिक मतदान और अन्य जागरूकता गतिविधियां शामिल की जाएंगी। जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, चित्रकला, गीत, नाटक और स्लोगन लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट मीडिया, टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया और फील्ड कार्यक्रमों का व्यापक उपयोग किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग का उपयोग कर जिले में आयोजित सभी गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो साझा की जाएंगी। बैंकों, डाकघरों, रेलवे, पंचायती राज संस्थानों और अन्य विभागों के साथ समन्वय कर व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर महिला आरक्षी हुई सम्मानित

रुद्रप्रयाग : जनपद पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने पर दो महिला आरक्षी को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। ताकि उन्हें सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों की सूची में सम्मानित किया जाए। पुलिस विभाग के सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस कार्यालय में नियुक्त दो महिला आरक्षी साधना एवं कोतवाली सोनप्रयाग में तैनात आरक्षी अनीता को पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने पुलिस मैन ऑफ द मंथ के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने जनपद में पुलिस मैन ऑफ द मंथ के तौर पर सम्मानित करने की पहल शुरू कर दी है। एसपी ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों के विवरण को उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए। ताकि भविष्य में भी सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जा सके। (एजेंसी)

## निकाय चुनाव बाद चलेगा राशन कार्ड सत्यापन कराने को अभियान

देहरादून। दूसरे राज्यों के लोगों द्वारा उत्तराखंड में राशन कार्ड बनाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने जांच का निर्णय लिया है। खाद्य विभाग को पिछले कुछ वर्षों में बनाए गए राशन कार्ड का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयुष्मान योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आयुष्मान कार्ड के दुरुपयोग और दोहरे उपयोग को रोकने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राज्य में पिछले एक साल के भीतर उपभोक्ताओं की तीन श्रेणियों में 78 हजार से ज्यादा नए राशन कार्ड बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना से जुड़े विभागों का बारी-बारी से अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं राज्य के जरूरतमंद लोगों के लिए बनाई हैं। राज्य के हर जरूरतमंद तक उनका लाभ सुनिश्चित किया जाए। खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो राशन कार्ड बनाते वक्त सभी मानकों का सख्ती से पालन करें। कुछ समय पहले बनाए गए राशन कार्ड का सत्यापन भी कराएं।

**राज्य खाद्य योजना में बने सबसे ज्यादा नए कार्ड**

राज्य में एक जनवरी 2023 से एक जनवरी 2024 तक बड़ी संख्या में नए राशन कार्ड बने हैं। इसमें अत्योदय श्रेणी में 3877 नए कार्ड बने हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिक परिवार श्रेणी में 19 हजार 220 कार्ड बनाए गए हैं। राज्य खाद्य सुरक्षा योजना–एसएफवाई के तहत सर्वाधिक 54 हजार 981 राशन कार्ड बनाए गए हैं। तीनों ही श्रेणियों में 2.71 लाख नई यूनिट जुड़ी हैं।

**चुनाव बाद चलेगा अभियान**

सूत्रों के अनुसार खाद्य विभाग निकाय चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्रदेश में सघन अभियान शुरू करेगा।

# आजीविका संवर्धन के लिए काम करने पर जोर दिया




### बैंक सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित बैंक सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से शुरू हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने गोपेश्वर नगर पालिका सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण 12 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के सभी नौ विकास खंडों के एनआरएलएम समूह सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। नेशनल रिसोर्स पर्सन सुधाकर सतपति प्रशिक्षण कार्यक्रम में सखियों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के उद्देश्यों की जानकारी दे रहे है। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बैंक सखियों को सीसीएल का उपयोग कर आजीविका संवर्धन के लिए काम करने पर जोर दिया। कहा कि इससे समूहों और प्रति व्यक्ति की आय बढ़ेगी। उन्होंने बैंक सखियों को लगन के साथ प्रशिक्षण पूरा करने की बात कही। नेशनल रिसोर्स पर्सन ने वित्तीय समावेशन एवं विद्या साक्षरता का विस्तार पूर्वक बताया। इसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, अटल पेंशन, कन्या, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल आयुष्मान, बैंक लिंकेज, केसीसी, नगद साख सीमा, टर्म लोन आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ग्रामीण वित्त समन्वयक संजय पुरोहित, जिला विषय विशेषज्ञ विजय कला, मनीष कुमार, पंकज कुमार, पंकज बिष्ट सहित बैंक सखी मौजूद थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण वित्त समन्वयक संजय पुरोहित द्वारा किया गया।

# समान नागरिक संहिता का उद्देश्य समानता को बढ़ावा देना और कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाना है : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जिला प्रशासन के तत्वाधान में प्रेक्षागृह पौड़ी में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने की प्रक्रिया के तहत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन का उद्देश्य व्यक्तिगत कानूनों में एकरुपता सुनिश्चित करना, समानता को बढ़ावा देना और कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इस पहल में स्पष्ट रूप से परिभाषित भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के साथ उप-निबंधक, निबंधक और महा-निबंधक का एक संरचित पदानुक्रम बनाना शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। कहा कि इस पहल से नागरिक अधिकारों को एक समान रूप से सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और प्रदेश में प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाया जा सकेगा। यूसीसी नोडल अधिकारी व अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने समस्त रजिस्टार व उप रजिस्टार को निर्देशित किया कि वे यूसीसी पोर्टल पर सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से पूरा करें। इस दौरान उन्होंने यूसीसी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी। सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी ने यूसीसी लागू करने के लिए एक विशेष एप्लीकेशन विकसित किया है। इस दौरान जनसेवा केंद्र से आयी टीम द्वारा (सीएससी सेंटर) पोर्टल पर ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। इसमें यूसीसी लागू होने के बाद शादी, एक्ट लागू होने के बीच में शादी और एक्ट लागू होने से पहले शादी, तलाक, लिविंग रिलेशनशिप, उत्तराधिकार आदि के पंजीकरण करवाने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मोबाइल ऐप के अलावा सीएससी सेंटर से भी पंजीकरण करवाया जा सकता है। कोई भी नागरिक वेब पोर्टल के माध्यम से भी अपना आधार कार्ड नंबर से या सीएससी से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकता है। इसके अलावा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

# 12 जनवरी को 669 अभ्यर्थी देंगे पुलिस उप निरीक्षक की परीक्षा

### जिलाधिकारी ने ली बैठक, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 12 जनवरी को जिले में आयोजित होने वाली पुलिस उप निरीक्षक एवं गुल्मनायक पुरूष परीक्षा के सफल सम्पादन हेतु जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक की। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के लिए तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों को शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न करवाने के निर्देश दिये। जनपद पौड़ी में 03 सेंटर बनाये गए हैं, जिसमें बालिका इंटर कॉलेज पौड़ी, राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पौड़ी व मेसमोर इंटर कॉलेज शामिल हैं। इन तीनों परीक्षा सेंटरों में 669 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है।



शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों में पेयजल, शौचालय, विद्युत सहित अन्य की व्यवस्था समय रहते पूरी करें। कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी सहित अन्य सामाग्री न हो। कहा कि चैकिंग के दौरान परीक्षार्थी के मोबाइल फोन व अन्य सामग्री अलग कक्ष में रखें। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को 11 से 02 बजे तक होने वाली परीक्षा सम्पन्न होने तक परीक्षा केंद्रों में धारा 163 लागू रहेगी। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर पेपर होने से पूर्व व पेपर समाप्त होने पर तैनाती बनाने के निर्देश दिये। कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों की निगरानी बनाये रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोषागार से पेपर ले जाते समय पूरी पुलिस बल भी तैनात रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करवाएं। बालिका इंटर कॉलेज पौड़ी में 240, राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पौड़ी 312 व मेसमोर इंटर कॉलेज पौड़ी में 117 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, एएसपी अनूप काला, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, जिलाधिकारी अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से विवेक कुमार बहुगुणा, खंड शिक्षाधिकारी पाबौ अमित चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने दिए ऋण वितरण एवं अदायगियों में तेजी से कार्य करने के निर्देश

देहरादून। नाबार्ड के तहत स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों द्वारा लक्ष्य से कम ऋण वितरण पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने डिस्बर्समेंट को गम्भीरता से लेते हुए ऋण वितरण व अदायगियों के लक्ष्य को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं

सीएस राधा रतूड़ी ने सभी विभागों के सचिवों एवं विभागाध्यक्षों को ऋण वितरण एवं अदायगियों में तेजी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। विभागों द्वारा ऋण वितरण एवं अदायगियों के साथ ही नाबार्ड को प्रस्ताव भेजने के दौरान प्रक्रियाओं में हो रहे विलम्ब का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रक्रियाओं के सरलीकरण व तीव्रता के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने धीमी गति से चल रहे सभी प्रोजेक्ट्स पर तेजी से कार्य करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने नाबार्ड को प्रस्तावों की स्वीकृति में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में नाबार्ड की आरआईडीएफ (ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि) पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों द्वारा डिस्बर्समेंट की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी विभागों को इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा वितरण और अदायगियों में आ रही समस्याओं का निवारण कर शीघ्र कार्यों को पूर्ण किया जाए। मुख्य सचिव ने प्रस्तावों की लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# अधर में लटका कक्ड़पाली-लूसी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत कक्ड़पाली से बांगापानी से होते हुए लूसी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। मोटर मार्ग की राह देख रहे ग्रामीणों को 4 किलोमिटर की पैदल दूरी नापनी पड़ रहीं है। ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकसाल, मुनेंद्र भंडारी, विनोद प्रसाद, अजमेर भंडारी, सुशील देवी ने कहा कि मोटर मार्ग 2020 में प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिली थी। सर्वे में मोटरमार्ग पर वन क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण मोटर मार्ग वन विभाग के पाले में आ गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग के ओर से पत्रावली पूरी न किए जाने पर मोटर मार्ग का कार्य पूरा रुका हुआ है। कहा कि विगत चार वर्षों से मोटर मार्ग को लेकर लगातार विभागीय अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है, इसके बावजूद अधिकारी ग्रामीणों को आश्वासन पे आश्वासन दे रहे हैं। कहा कि मोटरमार्ग न होने से लूसी गांव के ग्रामीणों को चार किलोमीटर खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। चढ़ाई चढ़ने में बुजुर्ग लोग असमर्थ हैं। मोटरमार्ग पर कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उधर, लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता मो. आरिफ खान ने बताया कि कक्ड़पाली से बांगापानी से होते हुए लूसी तक मोटर मार्ग स्वीकृत है। मोटर मार्ग के फर्स्ट फेस के लिए पैसे भी स्वीकृत है, लेकिन फॉरेस्ट क्लीयरेंस न मिलने के कारण मोटर मार्ग का निर्माण कार्य रुका हुआ है।

## रविवार को होगी उपनिरीक्षक की लिखित परीक्षा

नई टिहरी : उत्तराखंड लोकसेवा आयोग की ओर से आयोजित उप निरीक्षक की लिखित परीक्षा रविवार को जिला मुख्यालय के राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी में संपन्न कराई जाएगी।

नागरिक पुलिस, अभिसूचना, पीएसी और आईआरबी की लिखित परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित की जाएगी। एसडीएम अपूर्वा सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को देखते हुए परीक्षा केंद्र के 200 मीटर परिधि में 11 जनवरी रात आठ बजे से 12 जनवरी परीक्षा समाप्ति तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता प्रभावी रहेगी।

# अपर जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में गणतंत्र दिवस को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिए अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पुलिस, होमगार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर पालिका, खेल, लोनिवि सहित संबंधित विभागों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी।



जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलाबराय मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी, इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने समस्त कार्यालयों में 25 व 26 जनवरी को प्रकाशमान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय कार्यालयों में प्रातः 9:30 बजे तथा गुलाबराय मैदान में प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था सहित पंडाल, विद्युत, पेयजल आदि के लिए संबंधित विभागों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को कक्षा 06 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के माध्यम से प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कार्यक्रम स्थल या उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित करें। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल गुलाबराय मैदान में पंडाल, साउण्ड सिस्टम, मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों के लिए बैठने आदि की समुचित व्यवस्था समय से करने के निर्देश भी दिए।

# पांडवाज ग्रुप के बैंड ने मचाया धमाल, राष्ट्रीय खेलों के उत्सव को बनाया यादगार

चमोली : 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल ''तेजस्विनी'' के जनपद मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचने पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, अर्जुन पुरस्कार विजेता सुरेन्द्र सिंह कनवासी सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। इस मौके पर स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से मुख्य बाजार होते हुए पुलिस मैदान तक भव्य मशाल रैली का आयोजन किया। पुलिस मैदान में उत्तराखंड के मशहूर बैंड पांडवाज ग्रुप की शानदार प्रस्तुति ने राष्ट्रीय खेलों के प्रति लोगों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मशाल 'तेजस्विनी' के जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचने पर लोगों में खासा उत्साह दिखा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ राष्ट्रीय खेलों की मशाल 'तेजस्विनी' का औपचारिक अनावरण करते हुए पांडवाज शो का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार व बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता सुरेन्द्र सिंह कनवासी को सम्मानित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक रावत और प्रशिक्षक रमेश पंखोली सहित राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर मौली के साथ चल रहे आईटीबीपी के बैंड ग्रुप को भी सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड राज्य को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का मौका मिलना हम सबके लिए गर्व का विषय है। इससे हमारी देवभूमि आगे खेल भूमि के रूप में विकसित होगी। राष्ट्रीय खेलों की मशाल 'तेजस्विनी' आज चमोली पहुंची है। हम सबके लिए यह



गौरवशाली दिन है। जिलाधिकारी ने कहा कि मशाल 'तेजस्विनी' से 38वें राष्ट्रीय खेलों को वृहद प्रचार-प्रसार मिल रहा है और लोग राष्ट्रीय खेलों के प्रति उत्सुक है। जिलाधिकारी ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री 28 जनवरी, 2025 से होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। जो कि हमारे प्रदेश के लिए एक गौरवशाली पल होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सीमांत जनपद चमोली में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कभी कमी नही रही। विभिन्न खेलों में समय-समय पर यहां के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनपद में खेल सुविधाओं को विकसित करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है और हमारा मकसद खेल प्रतिभाओं को आगे लाना रहेगा। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन को लेकर खेल और युवा कल्याण विभाग की सराहना भी की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचनों में मतदान करने को लेकर शपथ भी दिलाई। पुलिस मैदान गोपेश्वर में पांडवाज ग्रुप ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की थीम सांग ''हल्ला धूम धडाका'' सहित उत्तराखंड की संस्कृति और परंपरा के साथ राष्ट्रीय खेलों के प्रति लोगों को प्रेरित किया। 38 वें नेशनल गेम्स की जर्सी, मस्कट, एंथम के साथ ही थीम सॉन्ग की खूबसूरत लिरिक्स, मनमोहक संगीत, शानदार गीतों के इस खेल उत्सव में लोग जमकर थिरके। शो के दौरान लोगों ने मशाल 'तेजस्विनी' और मस्कट मौली के साथ भी खूब सेल्फी खींची और इस क्षण को यादगार बनाया। वहीं भोटिया जनजाति की महिलाओं ने पौणा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। मशाल तेजस्विनी के साथ 11 जनवरी को गौचर में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। पुलिस मैदान में कार्यक्रम का संचालन अनूप खण्डूड़ी द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, प्राफेसर डीएस नेगी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी, डीएसओ जसवंत कंडारी, डीईओ पीआरडी दीपक बिष्ट सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, खिलाड़ी, विद्यालयों छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय जनता मौजूद थी। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com